रूप से विचारित लक्ष्यों की तुलना में अधिक ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करना है । नई योजना का उद्देश्य पवन, लघु जल विद्युत, बायो ऊर्जा और सौर ऊर्जा संसाधनों के माध्यम से आठवीं योजना में पहले से विचारित लगभग 600 मैगावाट विद्युत उत्पादन की तुलना में 1655—1955 मैगावाट विद्युत उत्पादन करना है । इसमें वर्ष 1993-94 के दौरान रोशनी के लिए एक लाख सौर फ्रकाशवोल्टीय लालटेनें और सिंचाई हेतु एक हजार सौर पंप स्थापित करना भी शामिल है । इसमें विभिन्न घरेलू, संस्थागत और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए खाना पकाने की ऊर्जा और प्रक्रिया ऊष्मा उपलब्ध/संरक्षित करने के लिए 10 लाख बायोगैस संयंत्र, 180 लाख उन्नत चूल्हे, 7 लाख सौर कुकर और 11 लाख वर्ग मी० सौर तापीय संग्राहक क्षेत्र स्थापित करने के बढ़े हुए लक्ष्य पर भी विचार किया गया है । तथापि परिकल्पित कार्यक्रम का कार्यान्वयन वित्तीय संसाधनों के जुटाए जाने और अन्य संबंधित निवेशों पर निर्भर करेगा ।

(ग) और (घ) जी, हां । इस मंत्रालय द्वारा तैयार की गई नई रणनीति और कार्ययोजना के अंतर्गत आठवीं योजना के दौरान लघु जल विद्युत के माध्यम से 600 मैगावाट की क्षमता की बढ़ोतरी की परिकल्पना की गई है ।

(ङ) और (च) सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र प्रत्येक में 300 मैगावाट की समग्र क्षमता की स्थापना को शुरू करने की शुरू करने की शुरू करने की